भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2016 का आयोजन ।</u>

नई दिल्ली, 31 अक्टूबर, 2016: डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई.ए.एस., अध्यक्ष भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, ने आज (31-10-2016) 1100 बजे इस अवसर पर वहां भारी संख्या में उपस्थित कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2016 संबंधी शपथ दिलाई । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारत सरकार का एक श्रेणी - ए, मिनी रत्न, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम,अपने समस्त भारतीय हवाई अड्डों पर 31 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2016 का आयोजन कर रहा है ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री यतेन्द्र कुमार, आई.ए.एस., मुख्य सतर्कता अधिकारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह को जारी रखा जाना चाहिए और यह सतर्कता केवल रस्म अदायगी तक सीमित न होकर हमारे दिन प्रतिदिन के आचरण का मूलभूत अंग होना चाहिए । डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई.ए.एस., अध्यक्ष भा वि प्रा ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सतर्कता विभागने विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की योजना बनाई है । इस गतिविधियों में शपथ दिलाना तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2016 के दौरान प्रख्यात वक्ताओं द्वारा व्याख्यान शामिल हैं।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 45/2016-17

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई.ए.एस., अध्यक्ष, भाविप्रा, राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए तथा 31 अक्टूबर, से 05 नवम्बर, 2016 तक आयोजित होने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत करते हुए।इस अवसर पर श्री एस. रहेजा, सदस्य (योजना), श्री एस. सुरेश, सदस्य (वित्त), श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), श्री यतेन्द्र कुमार, आई.ए.एस., मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं श्री टी. प्रेमनाथ, कार्यपालक निदेशक (प्रशासन), भाविप्रा भी उपस्थित थे।